CERTIFICATE PROGRAMME IN HUMAN RIGHTS (CHR)

Term-End Examination

December, 2015 02310

CHR-012 : HUMAN RIGHTS IN INDIA

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

Note : *(i) Answer **any two** questions from **Section I**. Each question carries **20** marks.*

*(ii) Answer **any four** questions from **Section II**. Each question carries **10** marks.*

*(iii) Answer **any four** questions from **Section III**. Each question carries 5 marks.*

SECTION - I

Answer **any two** of the following questions in about **600** words. Each question carries **20** marks. **2x20=40**

1. Describe the functions of the National Human Rights Commission. In which cases can it exercise the powers of a civil court ?

2. Discuss the various rights available to consumers under the Consumer Protection Act, 1986.

3. "Persons with disabilities are one of the most marginalised sections of the society". What are the factors responsible for this ?

4. What role has the judiciary been playing in the protection of environment ? Discuss with special reference to the judicial interpretation of Article 21 of the constitution.

SECTION - II

Answer **any four** of the following questions in about **300 words**. Each question carries **10** marks.

4x10=40

5. Describe the basic characteristics of the Environment Protection Act, 1986.

6. Write a note on 'Gender discrimination' and the consequential inequalities in India.

7. Explain the salient features of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989.

8. Explain the rights available to a citizen in case of arrest and detention ?

9. "The Directive Principles of State Policy although non-justiciable, are fundamental in Governance of the country". Discuss.

10. Discuss the role of media in facilitating the prevention of abuse of Human Rights.

11. Write a note on the right to equality as provided in the Constitution of India.

12. Discuss various kinds of rights available to unorganised workers.

SECTION - III

Write short notes on **any four** of the following questions in about **150** words. Each question carries **5** marks. **4x5=20**

13. Human Rights and Terrorism.

14. Rights of elderly persons.

15. Contribution of Jainism to the idea of Human Rights.

16. Caste Discrimination.

17. Domestic Violence.

18. First Information Report (FIR).

मानव अधिकारों में सर्टिफिकेट कार्यक्रम (सी.एच.आर.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2015

सी.एच.आर.-012 : भारत में मानव अधिकार

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : (i) ***भाग - I*** *से* ***किन्हीं दो*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं।*

(ii) ***भाग - II*** *से* ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक हैं।*

(iii) ***भाग - III*** *से* ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं।*

भाग - I

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **600** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के **20** अंक हैं। **2x20=40**

1. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कार्यों का वर्णन कीजिए। किन मामलों में यह दीवानी न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है?

2. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उपलब्ध विभिन्न अधिकारों का वर्णन कीजिए।

3. ''विकलांग व्यक्ति समाज के सर्वाधिक उपेक्षित वर्गों में एक वर्ग है'' इसके लिए उत्तरदायी कारक कौन-कौन से हैं?

4. पर्यावरण के संरक्षण में न्यायपालिका क्या भूमिका निभा रही है? संविधान के अनुच्छेद 21 की न्यायिक व्याख्या के संदर्भ में इसकी चर्चा कीजिए।

भाग - II

निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग **300** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक हैं। **4x10=40**

5. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की मूल विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

6. भारत में 'लिंग भेदभाव' और परिणामी असमानताओं पर एक टिप्पणी लिखिए।

7. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

8. गिरफ्तारी और नजरबंदी के मामले में एक नागरिक को उपलब्ध होनेवाले अधिकारों को स्पष्ट कीजिए।

9. ''राज्य के नीति - निर्देशक सिद्धांत यद्यपि न्याय के विचारयोग्य नहीं हैं, फिर भी ये देश के शासन में मूलभूत हैं।'' चर्चा कीजिए।

10. मानव अधिकारों के दुरूपयोग की रोकथाम में सहायता करने में संचार माध्यमों की भूमिका की चर्चा कीजिए।

11. भारत के संविधान में दिए गए समानता के अधिकार पर एक टिप्पणी लिखिए।

12. असंगठित श्रमिकों (कामगारों) को उपलब्ध विभिन्न प्रकार के अधिकारों की चर्चा कीजिए।

भाग - III

निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ (प्रत्येक) लगभग 150 शब्दों में लिखिए प्रत्येक प्रश्न को 5 अंक हैं। **4x5=20**

13. मानव अधिकार और आतंकवाद

14. वृद्धों के अधिकार

15. मानव अधिकारों के विचार के संबंध में जैन धर्म का योगदान

16. जातीय भेदभाव

17. घरेलू हिंसा

18. प्राथमिकी (एफ.आई.आर)